भजन - मेरे यारा मेरे यारा मेरे सांवरिया

मेरे यारा मेरे यारा,

मेरे सांवरिया सरकारा,

देखूं तुझे जब जब,

मेरे दिल ने पुकारा,

मेरे यारा मेरे यारा,

मेरे साँवरिया सरकारा ।

तू ही मेरी दौलत बाबा,

तुझसे ही शगुन है मेरा,

तू ही मेरी शोहरत है,

तू ही हर महूरत है,

मेरे जैसे कितनो को,

मेरे जैसे कितनो को,

तुमने है तारा,

मेरे यारा मेरे यारा,

मेरे साँवरिया सरकारा ।।

तुमसे हर बात मेरी,

तुमसे शुरुआत है,

तुमसे हर लम्हा मेरा,

तुमसे दिन रात है,

सबको अपनाते जो भी,

सबको अपनाते जो भी,

गम का है मारा, मेरे यारा मेरे यारा,

मेरे साँवरिया सरकारा ।।

जिंदगी की सारी चिंता, सारे दुखड़े एक तरफ,

तेरा खाटू तेरा दर्शन, सच में बाबा एक तरफ,

झूठी दुनिया में साँचा, झूठी दुनिया में साँचा, साथी तू हमारा,

साथा तू हमारा, मेरे यारा मेरे यारा, मेरे साँवरिया सरकारा ।।

मेरे यारा मेरे यारा,

मेरे सांवरिया सरकारा, देखूं तुझे जब जब,

मेरे दिल ने पुकारा, मेरे साँवरिया सरकारा ।।